# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
## व्यावसायिक परीक्षा इकाई दिल्ली मुख्यालय

व्यावसायिक परीक्षा इकाई में प्राप्त परिपत्र संख्या सीबीएसई/प्रशि एवं व्या. परीक्षा/हिंदी-शब्द अंताक्षरी/2024 दिनांक 18.07.2024 की अनुवर्ती कार्रवाई के संदर्भ में निदेशक महोदय द्वारा चर्चा के उपरांत दिनांक 19 जुलाई, 2024 को सायं 4.00 बजे एक कार्यशाला आयोजित की गई थी । यह कार्यशाला हिंदी के पठन पाठन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक माह एक सामूहिक गतिविधि का आयोजन करने हेतु रखी गई तथा इस कड़ी में हिंदी शब्द अंताक्षरी का आयोजनकिया गया। कार्यशाला के आरंभ में, श्री सुंदर, अवर सचिव (हिंदी राजभाषा) ने बैठक एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। तदोपरांत श्रीमति नेहा शुक्ला और श्रीमति पूनम मल्होत्रा ने हिंदी राजभाषा विभाग का प्रतिनिधित्व किया और निदेशक महोदय से हिंदी शब्द अंताक्षरी पर एक शब्द देकर कार्यक्रम आरंभ करने का आग्रह किया।

हिंदी शब्द अंताक्षरी कार्यक्रम के लिए कुल दस दौर तक शब्द पूछे जाने का प्रावधान किया गया था और प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक देने का प्रावधान किया गया था । प्रतियोगिता में अंक देने के लिए एक प्रपत्र का मसौदा बनाया गया था जिसके अनुरूप प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक परीक्षा एकक के हिंदी शब्द अंताक्षरी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम उक्त प्रपत्र में शामिल किये गए थे । इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज करने हेतु एक उपस्थिति पत्र भी तैयार किया गया था । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को एक वृताकार में बिठाया गया था और गलत उत्तर देने पर शब्द अगले प्रतिभागी पर उत्तर देने हेतु अग्रसर किया गया । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम निम्नवत रखे गए है :

| क्रम सं. | प्रतिभागियों के नाम | क्रम सं. | प्रतिभागियों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती श्वेता मून,अवर सचिव | 23 | श्री कुमार गौरव, आई टीएक्सपर्ट |
| 2 | श्रीमती तुषारा के., अवर सचिव | 24 | श्री अशोक कुमार, आई टीएक्सपर्ट |
| 3 | श्री अमित गर्ग, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | 25 | श्री मुकेश कुमार, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 4 | श्री अतुल कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | 26 | श्री अजीत सिंह, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 5 | श्री संजीव सिंह परमार, अनुभाग अधिकारी | 27 | कु. ईशा शर्मा, एम्. टी. ए. |
| 6 | श्री विजय सिंह बिष्ठ, अनुभाग अधिकारी | 28 | कु. रिद्धि नैलवाल, एम्. टी. ए. |
| 7 | श्री सुमित निर्वाण, अनुभाग अधिकारी | 29 | कु. ख़ुशी जैन, एम्. टी. ए. |
| 8 | श्रीमती संगीता टौंक, निजी सचिव | 30 | श्री जयंत पवार, एम.टी.ए. |
| 9 | श्री प्रवीण गुप्ता, निजी सचिव | 31 | श्री राजेश आर्य, एम.टी.ए. |
| 10 | श्रीमती आंचल शर्मा, वरिष्ठ लेखाकार | 32 | सुश्री गीतांजलि कुमारी, एम.टी.ए. |
| 11 | श्री रामकुमार, अधीक्षक | 33 | सुश्री गुलफशा , एम.टी.ए. |
| 12 | श्री राजेश कुमार गौतम, अधीक्षक | 34 | श्री सुनील कुमार, एम.टी.ए. |
| 13 | श्री नरेंद्रमिश्रा, अधीक्षक | 35 | श्री योगेश कुमार,एम.टी.ए. |
| 14 | श्री श्याम सुंदर शाह, अधीक्षक | 36 | श्रीगुलशन, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 15 | श्री अशोक कुमार -II, अधीक्षक | 37 | श्री फकरुद्दीन अंसारी, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 16 | श्री कमलसिंह, अधीक्षक | 38 | श्री अनिल कुमार, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 17 | श्री जयबीर सिंह नेगी, अधीक्षक | 39 | श्री गोपीचंद, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 18 | श्रीमती बबीता निर्वाण, अधीक्षक | 40 | श्री सुरेंद्र सिंह, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 19 | श्री सलीम बेग, अधीक्षक | 41 | श्री सतबीर सिंह, मल्टी-टास्किंग स्टाफ |
| 20 | श्री अशोककुमार-III, कनिष्ठ सहायक | 42 | श्री राजकुमार, एम्. टी. एस. |
| 21 | श्रीमती निशा रानी, कनिष्ठ सहायक | 43 | श्री सिकंदर सिंह, एम्. टी. एस. |
| 22 | श्रीमती रमा रघुराम, सलाहकार(प्रशिक्षण) | | |

प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक परीक्षा एकक के सभी सदस्य कार्यशाला में प्रतिभागी बने और प्रश्नोत्तरी संचालन में अपना योगदान दिया जिसकी सराहना की गई। हिंदी शब्द अंताक्षरी कार्यक्रम के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और इसी प्रकार आगे भी हिंदी राजभाषा के प्रचार प्रसार हेतु बैठक एवं कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया ।

हिंदी शब्द अंताक्षरी कार्यक्रम की झलकिया:

- निदेशक महोदय, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक परीक्षा एकक द्वारा हिंदी शब्द अंताक्षरी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।
- निदेशक(प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक परीक्षा एकक), संयुक्त सचिव(व्यावसायिक परीक्षा एकक), संयुक्त सचिव(प्रशिक्षण)और अवर सचिव(राजभाषा) ने कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों द्वारा दिए गए सही उत्तर की समीक्षा की गई ।
- हिंदी शब्द अंताक्षरी कार्यक्रम के दौरान श्रीमति नेहा शुक्ला ने गर्मजोशी के साथ सभी प्रतिभागियों के पास जाकर उनके उत्तर प्राप्त किये ।
- निदेशक(प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक परीक्षा एकक), संयुक्त सचिव(व्यावसायिक परीक्षा एकक), द्वारा निर्णायक मंडल का उत्तरदायित्व निभाया गया।
- प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के दौरान कुल प्रतिभागियों कुल 43 लोगो ने भाग लिया।
- सबसे ज्यादा सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी, श्री राजेश कुमार गौतम को 10 अंक के साथ प्रथम स्थान मिला।
- कु. रिद्धि नैलवाल(संविदा) और कु. ख़ुशी जैन(संविदा) द्वारा 9 अंक के साथ द्वितीय स्थान बांटा गया।
- श्री अतुल कुमार ने 8 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अगले पृष्ठ पर जारी...








## हिन्दी राजभाषा प्रोत्साहन हेतु “हिंदी शब्द अंताक्षरी” का आयोजन







- उत्साहित प्रतिभागी -





| श्री राजेश कुमार गौतम<br>प्रथम स्थान | कु. रिद्धि नैलवाल(संविदा) और कु. ख़ुशी जैन(संविदा)<br>द्वितीय स्थान | श्री अतुल कुमार<br>तृतीय स्थान |
|---|---|---|

- प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के उपरांत अंताक्षरी से संबंधित काफी ज्ञानवर्धक जानकारी साझा की गई और कुछ और प्रश्न और उत्तर कार्यक्रम रखा गया जिसमे जिन प्रतिभागियों ने सही उत्तर दिये उन्हेअलग से सराहा एवं सम्मानित किया गया।




कार्यशाला के दौरान निदेशक महोदय ने सभी प्रतिभागियो के साथ अपने विचार साझा किए और हिंदी राजभाषा के बारे में सभी को जानकारी दी। निदेशक महोदय ने सभी सदस्यों से हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सुझाव मांगे। संयुक्त सचिव महोदय ने इस संबंध में समिति सदस्यों से पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करके विभिन्न कवियों /साहित्यकारों के लेख, कहानी, संस्मरण आदि पढ़कर साप्ताहिक रूप में पुस्तक समीक्षा जैसी गतिविधि आयोजित करने का आग्रह किया जिस पर सभी के द्वारा सहमति प्रकट की गई। इसके साथ अनुभाग में जिन कर्मचारियों की लेख, कविता में रूचि है, उनके लिखे लेख, कविताओं को इकाई के बोर्ड/पट्ट पर प्रदर्शित कर उन्हें प्रोत्साहित करने लिए भी कहा गया ताकि हिंदी राजभाषा के प्रचार प्रसार कार्य में प्रगति हो।

निदेशक महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया और कार्यशाला का समापन हिंदी के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने और हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के संकल्प के साथ कार्य किया गया।

*****